(c) if the funds are inadequate, whether Government propose to provide spe. cial Central assistance to Madhya Pradesh over and above the State Plan ceilins? for the completion of the schemes early?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI G. ,S. DHILLON); (a) 24 ma-jor and 40 medium irrigation projects with an estimated balance cost of about Rs. 3162 croces and a balance potential of about 15.4 lakh ha. are in progress. Such information regarding minor irrigation schemes rs not maintained at the Centre.

(b) The outlays provided in the VII Plan are not adequate to complete all the ongoing projects. Three major and 13 medium projects for which outlays match spill-over costs are likely to be completed in the VII Plan. The completion of balance projects depends upon the priority given by the State Government for allocating adequate resources.

(c) No, Sir.

सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि के लिए सरकारी आवास का आवंटन

4143. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन सामाजिक कार्यकर्ता, नर्तकों, लेखकों, कवियों के नाम क्या हैं जिन्हें दिल्ली में मफत सामान्य किराये पर, बाजार किराये पर या पूर्ण किराए के आधार पर आवासीय सुविधाएं प्रदान की गई हैं और उस मकान में वे कब से रह रहे हैं ;

(ख) क्या स्वतंत्रता सेनानियों, आजीवन सामाजिक कार्यकर्ताओं, सामाजिक और स्वैच्छिक संगठनों के लिये कोई आवास उपलब्ध कराये गये हैं ; यदि हां, तो कब से तथा कहां पर ; और

(ग) क्या इस प्रकार की आवासीय सुविधाय राजनीतिक दलों को भी प्रदान की गई हैं ; यदि हां, तो इन दलों के नाम क्या हैं और इन्हें किन स्थानों पर और कब से आवास प्रदान किये गये है तथा क्या ये आवास किराया आधार पर या पट्टे के आधार पर प्रदान किये गये हैं और इस संबंध में ब्यौरा क्या है और यदि यह किराया आधार पर हैं तो किराये के रूप में कितनी राशि वसूल की जाती है ;

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : एक विवरण संलग्न है । आवास का आबंटन लाइसेंस फीस के आधार पर किया गया है न कि पट्टे के आधार पर । [देखिए परिशिष्ट CXLIII, अनुबंध संख्या 162]

दिल्ली में दूध की आवश्यकता

4144. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के महानगरीय शहर में दूध की दैनिक आवश्यकता कितनी है, इस नगर की दूध की आवश्यकता की पूर्ति के लिये क्या प्रबंध किये गए हैं ; दूध की कुल सप्लाई में गाय और भैंसों के कच्चे दूध और आयातित दूध पाऊडर तथा बटर आयल से तैयार किए गये दूध का कितना-कितना हिस्सा है;

(ख) क्या यह सच है कि यहां सभी प्रकार के दूध की इतनी ज्यादा कमी है कि दूध से तैयार होने वाले मिष्ठानों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई प्रयास किये हैं ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री यागेन्द्र मकवाणा) : (क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।